एमवे ने भारत में 1,000 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें से 600 करोड़ रुपए का निवेश तमिलनाडु के नीलाकोटाई में विनिर्माण संयंत्र लगाने पर किया जाएगा। बुद्धिराजा ने कहा कि मौजूदा स्वास्थ्य संकट की वजह से लोगों के परिदृश्य और प्राथमिकता में बदलाव आया है और अब लोग ऑनलाइन शॉपिंग की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे ऑनलाइन ऑर्डरों में अच्छाखासा इजाफा हुआ है। फरवरी, 2020 में हमें मिलने वाले ऑनलाइन ऑर्डर 33.6 फीसद थे। जून में यह आंकड़ा बढ़कर 70 फीसद हो गया। हम अपनी आपूर्ति शृंखला और होम डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत कर रहे हैं ताकि ऑनलाइन ऑर्डर की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

## सात अगस्त को होगा रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का चयन

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

कैबिनेट सचिव की अगुआई वाली खोज समिति सात अगस्त को रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर पद के लिए छांटे गए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी। पहले यह 23 जुलाई को होना था, लेकिन कुछ कारणों से इसे टाल दिया गया। केंद्रीय बैंक के वरिष्ठतम डिप्टी गवर्नर एनएस विश्वनाथन ने अपने विस्तारित कार्यकाल के पूरा होने से तीन महीने पहले 31 मार्च को स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ दिया था। उसके बाद से यह पद खाली है।

# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.03 लाख करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

सूचकांक की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह दो लाख करोड़ रुपए से अधिक यानी 2,03,063.21 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक और आइटीसी के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एअरटेल के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में कार्यरत रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,48,880.91 करोड़ बढ़कर 13,60,562.99 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह इस तरह की खबरें आईं कि अमेजन रिलायंस की खुदरा इकाई में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करना चाहती है। इन खबरों से रिलायंस के शेयरों में जोरदार उछाल आया।

सप्ताह के दौरान आइसीआइसीआइ बैंक का बाजार मूल्यांकन 18,135.35 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ 2,47,291.59 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 10,788.4 करोड़ बढ़कर 6,14,252.37 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 7,935.1 करोड़ बढ़कर 3,92,962.68 करोड़ रुपए और आइटीसी का मूल्यांकन 7,006.57 करोड़ बढ़कर 2,45,475.86 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 6,062.45 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ 3,19,332.15 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक का 4,254.43 करोड़ की वृद्धि के साथ 2,67,118.80 करोड़ रुपए रहा।

इसके उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 29,040.44 करोड़ घटकर 5,19,191.82 करोड़ रुपए पर आ गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 16,623.07 करोड़ घटकर 8,09,408.14 करोड़ रुपए रह गई। भारती एअरटेल का बाजार पूंजीकरण 4,118.95 करोड़ घटकर 3,05,402.10 करोड़ रुपए पर आ गया।

# भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कंपनी परिणाम तय करेंगे बाजार की चाल

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

कंपनियों के तिमाही नतीजों और अमेरिका-चीन संबंधों से जुड़े घटनाक्रमों से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। इसके अलावा निवेशकों की निगाह कोविड-19 के रुख पर भी रहेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

अमेरिका-चीन संबंध और खराब होने व कई देशों में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहने से आर्थिक पुनरुद्धार को लेकर पैदा हुई अनिश्चितता के कारण बीते सप्ताह वैश्विक स्तर पर निवेशकों ने काफी सतर्क रुख अपनाया।चीन ने पिछले सप्ताह चेंगदू में अमेरिका के वाणिज्य दूतावास को बंद करने का निर्देश दिया। इससे पहले अमेरिका ने जासूसी का आरोप लगाकर चीन के ह्यूस्टन के वाणिज्य दूतावास को बंद करने का निर्देश दिया था।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारत में संक्रमण के रेकॉर्ड मामलों से निवेशकों में बेचैनी बढ़ी है। अमेरिका-चीन तनाव से वैश्विक बाजार भी प्रभावित हुए हैं। इस मोर्चे पर किसी और घटनाक्रम से बाजार पर असर पड़ेगा। इस सप्ताह कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। इसके अलावा सप्ताह के दौरान एक और महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम बुधवार को फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर निर्णय रहेगा।

चॉइस ब्रोकिंग के कार्यकारी निदेशक सुमीत बगाड़िया ने कहा कि निवेशकों की निगाह तिमाही नतीजों, अमेरिका-चीन तनाव, कोविड-19 के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव और इसके टीके के विकास से संबंधित घटनाक्रमों पर रहेगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और डॉलर के मुकाबले रुपए के रुख से भी बाजार की धारणा पर असर पड़ेगा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिका-चीन तनाव और वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार बढ़ोतरी से अभी बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।

# दिल्ली-एनसीआर में कार्यालय स्थलों के किराए में नौ फीसद की गिरावट

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बाजार में चालू कैलेंडर वर्ष की पहली छमाही में कार्यालय स्थल के किराए में औसतन नौ फीसद की गिरावट आई है और यह 78 रुपए वर्गफुट प्रति माह पर आ गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी की वजह से कार्यालय स्थल की मांग काफी घटी है जिससे किराया घट गया है।

संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया की छमाही रिपोर्ट के अनुसार जनवरी-जून, 2020 के दौरान लीज या पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 45 फीसद घटकर 21 लाख वर्ग फुट तक रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 38 लाख वर्ग फुट थी। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में नई आपूर्ति 86 फीसद घटकर 59 लाख वर्ग फुट से आठ लाख वर्ग फुट रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्णबंदी के दौरान सभी कारोबारी गतिविधियां ठप रहीं। कई कंपनियों ने संपत्ति मालिकों से किराए में माफी या भुगतान टालने के लिए संपर्क किया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अब कंपनियां चालू कैलेंडर वर्ष या वित्त वर्ष के लिए अपने लक्ष्य और परिदृश्य को नए सिरे से तैयार कर रही हैं। कंपनियां अपने रीयल एस्टेट परिचालन खर्च को घटाना चाहती हैं। उनकी परिचालन आय में इसका हिस्सा तीन से पांच फीसद रहता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एनसीआर में 'को-वर्किंग' क्षेत्र के लिए भी दूसरी छमाही में मांग में काफी गिरावट आई है। 2019 की पहली छमाही में इस क्षेत्र की कार्यालय स्थल की मांग काफी ऊंची रही थी।

# विदेशी निवेशकों ने जुलाई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से 86 करोड़ निकाले

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने जुलाई में अब तक भारतीय पूंजी बाजारों से शुद्ध रूप से 86 करोड़ रुपए की निकासी की। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों और अमेरिका व चीन के बीच तनाव बढ़ने से जुलाई में एफपीआइ बिकवाल बने हुए हैं।

डिपोजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एक से 24 जुलाई तक विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजारों में 2,336 करोड़ रुपए डाले, लेकिन उन्होंने ऋण या बांड बाजार से 2,422 करोड़ रुपए निकाले। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 86 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले महीने एफपीआइ ने भारतीय बाजारों में शुद्ध रूप से 24,053 करोड़ रुपए डाले थे।

मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय बाजारों में निवेश को लेकर एफपीआइ ने सतर्कता का रुख अपनाया हुआ है।

# विश्व बैंक के सहयोग से चंबल के बीहड़ को कृषि भूमि में बदलेगी सरकार : तोमर

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

केंद्र सरकार की योजना विश्व बैंक के सहयोग से मध्य प्रदेश के ग्लावियर-चंबल क्षेत्र के बड़े बीहड़ इलाके को कृषि योग्य भूमि में बदलने की है।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बारे में शुरुआती रिपोर्ट एक महीने में तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट तैयार होने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ बैठकें की जाएंगी और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि विश्व बैंक के प्रतिनिधि आदर्श कुमार के साथ वर्चुअल बैठक में यह फैसला किया गया। कुमार ने कहा कि विश्व बैंक मध्य प्रदेश में काम करने का इच्छुक है।

तोमर ने इस ऑनलाइन बैठक में कहा कि तीन लाख हेक्टेयर से अधिक ऊबड़-खाबड़ जमीन खेती योग्य नहीं है। यदि इस क्षेत्र में सुधार किया जाता है, तो इससे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के बीहड़ों के एकीकृत विकास में मदद मिलेगी। इस परियोजना से सिर्फ कृषि विकास और पर्यावरण सुधार में ही मदद नहीं मिलेगी, इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे, जिससे क्षेत्र का विकास हो सकेगा। मंत्री ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के बीहड़ों में विकास की काफी गुंजाइश है। चंबल एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा और यह इसी क्षेत्र से निकलेगा। इससे क्षेत्र का समग्र विकास करना संभव होगा।

कृषि मंत्रालय में संयुक्त सचिव विवेक अग्रवाल ने कहा कि प्रस्तावित परियोजना पर काम शुरू करने से पहले प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, पूंजी लागत और निवेश जैसे सभी पहलुओं पर गौर किया जाएगा। उसके बाद न्यूनतम बजट आबंटन के साथ परियोजना पर काम शुरू होगा। बैठक में भाग लेते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त केके सिंह ने कहा कि पुरानी परियोजना का पुनरुद्धार किया गया है और इसे कृषि मंत्री के निर्देशन में आगे बढ़ाया जाएगा।

# स्टरलाइट का बीएसएनएल पर बकाया सौ करोड़ के करीब

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

डेटा नेटवर्क समाधान प्रदाता कंपनी स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज का भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) पर बकाया अब सौ करोड़ रुपए से कम रह गया है। कंपनी को उम्मीद है कि बीएसएनएल इस साल ही शेष बकाए के बड़े हिस्से का भुगतान कर देगी। स्टरलाइट टेक समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आनंद अग्रवाल ने यह जानकारी दी.

बीएसएनएल पर स्टरलाइट का बकाया 2018 के अंत तक 230 करोड़ रुपए के करीब था। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल पर हमारा बकाया अब सौ करोड़ से नीचे आ गया है। यह बकाया बीएसएनएल को ऑप्टिकल फाइबर केबल की बिक्री को लेकर है, जिसकी आपूर्ति 2018 में हुई थी। अग्रवाल ने कहा कि हमें बकाए का आधे से अधिक प्राप्त हो गया है और हम देख रहे हैं कि बीएसएनएल को उबारने की योजना के साथ धन का प्रवाह भी शुरू हुआ है।

स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज ने हाल में अपना परिणाम जारी किया था। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 96 फीसद की गिरावट के साथ जून तिमाही में 5.96 करोड़ रुपए पर आ गया। इस दौरान कंपनी की कुल आय 38.5 फीसद घटकर 885.7 करोड़ रह गई।

यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी के वृद्धि की राह पर लौटने की उम्मीद है, अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में निश्चित रूप से कुछ वृद्धि देखने को मिलेगी और तीसरी तिमाही में पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी।


**pnb Housing**
**Finance Limited**

पंजीकृत कार्यालय : 9वीं मंजिल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाष : 011 -23357171 , 23357172, 23705414 वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालयः 8वाँ तल, डीसीएम बिल्डिंग, 16 बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001,
फोन नं. 011-23357170/74, ईमेलः customercare@pnbhousing.com, वेबसाईटः www.pnbhousing.com

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के नियम 8(1) के अनुपालन में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित तिथियों पर कथित सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सम्बद्ध कर्जदार/रों से प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित राशियों का पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए एक माँग सूचना निर्गत की थी।
कर्जदार/रों के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदारों को तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित तिथियों पर नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार/रों तथा जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति/यों से किसी प्रकार का संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति/यों के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार ऋण अनुबन्ध के अनुसार कथित राशि तथा उस पर ब्याज के लिए पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार का विषय होगा। प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के विषय में कर्जदारों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्रम सं. | ऋण खाता सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानती का नाम | माँग सूचना की तिथि | बकाया राशि | कब्जा करने की तिथि | गिरवीकृत सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 00016740011066 शा.का. : दिल्ली | श्री अनिल कुमार गुलयानी, श्री अनुज गुलयानी, सुश्री बबीता गुलयानी, सुश्री जुही गुलयानी एवं मैसर्स न्यू कृष्णा टिम्बर एम्पोरियम | 06-08-2018 | 06/08/2018 को रु. 2,80,84,759.99 (रुपये दो करोड़ अस्सी लाख चौरासी हजार सात सौ उनसठ एवं निन्यानबे पैसे मात्र) | 23-07-2020 (सांकेतिक) | प्लॉट सं. 5521, डीएलएफ सिटी, फेज-IV (पूर्व का डीएलएफ कुतब एन्कलेव कॉम्पलेक्स) गुरुग्राम, हरियाणा (क्षेत्रफल 298.98 वर्ग मीटर) |

स्थानः दिल्ली, दिनांक : 25/07/2020
अधिकृत प्राधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लि.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईट, मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. (GSTIN 32AABCT0343B1Z7), पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि – 682018, केरल, भारत, CIN: L65910KL1997PLC011300, दूरभाषः +91 484-2396478, 2394712, फैक्सः +91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (31.12.2018 की अवधि तक NPA खातों & 31.12.2019 की अवधि तक नकली/कम शुद्धता खातों),की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।.

प्रथम नीलामी की तिथिः 04.08.2020
द्वितीय नीलामी की तिथिः 05.08.2020, Auction Centre: Muthoot Finance Limited, Ground Floor, Gopal Hotel Complex, Jodhpur Road, Nehru Nagar, Barmer, Rajasthan

प्रथम नीलामी की तिथिः 04.08.2020
Bikaner - Rani Bazar Circle: MGL-325, MSL-9369, 9770, Bikaner - Kem Road: MAL-120, MSL-8855, Bikaner - Nokha: MSL-6061, Bikaner - Vyas Colony: MSL-1922, 2115, Bikaner - Goga Gate: MOL-94
द्वितीय नीलामी की तिथिः 06.08.2020, Auction Centre: Muthoot Finance Ltd., First Floor, Plot No.4-D-12, Above UCO Bank, J.N.V. Colony, Bikaner, Rajasthan - 334001

प्रथम नीलामी की तिथिः 04.08.2020
Pali-(Ra): MSL-6756, Sumerpur-(Ra): MUL-281, 504
द्वितिय नीलामी की तिथिः 07.08.2020, Auction Centre: Ground Floor, "Maa Plaza" Opp. Bangur Hospital, Surajpole Road, Pali - 306401

प्रथम नीलामी की तिथिः 04.08.2020
Jodhpur-Chopasani Road: MSL-25758, 25795, 25819, 25828, MUL-49, 151, Jodhpur-Paota Road: ODG-203, Phalodi (Ra): MAL-636
नकली & कम शुद्धताः Billara - (RA): MUL-128
द्वितीय नीलामी की तिथिः 08.08.2020, Auction Centre: Second Floor, Plot No. 46, Opp. New Kohinoor Cinema, Akhaliya Circle, Jodhpur, Rajasthan - 342001

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।
हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी दुसरी नीलामी की तारीख को क्रमशः दिये गए नीलामी केंद्र में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी आगामी और ऐसी स्थिति मेंजहा इस सब के बावजूद कथित गहनो की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएं नहीं दी जाएंगी।

**कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट, ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली – 110024**

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गहनों की गिरवी छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464,7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईट, मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. (GSTIN 32AABCT0343B1Z7), पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि – 682018, केरल, भारत, CIN: L65910KL1997PLC011300, दूरभाषः +91 484-2396478, 2394712, फैक्सः +91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (31.12.2018 की अवधि तक NPA खातों & 31.12.2019 की अवधि तक नकली/कम शुद्धता खातों), की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।.

प्रथम नीलामी की तिथिः 04.08.2020
Alwar- Mangal Marg: MUL-531, Alwar-Agrasen Circle: MAL-76
नकली & कम शुद्धताः Jaipur – Behror: MUL-865
द्वितीय नीलामी की तिथिः 05.08.2020, Auction Centre: First Floor, Near Jat Boarding, Mangal Marg Station Road, Alwar - 301001

प्रथम नीलामी की तिथिः 07.08.2020
Jhunjhunu (Ra): MWS-626, Chirawa - (Ra): MAL-456, MGL-27, MSL-3780, 4154, MUL-275
द्वितीय नीलामी की तिथिः 08.08.2020, Auction Centre: First Floor, Modi Tower, Near GB Modi School, Shah Market, Jhunjhunu - 333001

प्रथम नीलामी की तिथिः 13.08.2020
Jaipur - Tonk Road: PPL-10472, Jaipur - Vaishali Nagar: MGL-2239, MSL-32065, MUL-1588, Jaipur - DCM: MGL-314, MSL-13466, 14073, 14304, Jaipur- Khatipura: MSL-9798, 12018, Jaipur-Mahesh Nagar: MGL-249, 307, 309, Chomu-(Ra): MAL-480, Jaipur-Kalwar Road: MSL-23147, Jaipur -Sikar Road: MSL-4707, Jaipur-New Sanganer Road: MDL-62, MUL-10, 701, Jaipur-Jawahar Nagar: MAL-672, 673, MDL-15, Jaipur-Tilak Nagar: MSL-4619, 4620, 4907, 4908, MUL-767, Jaipur-Gandhi Nagar Mode: MUL-818, 839, Shahpura (Ra): MUL-180, 366
नकली & कम शुद्धताः Jaipur – Sodala: MUL-2588, MWS-3002, Jaipur-Gandhi Nagar Mode: MUL-1112
द्वितीय नीलामी की तिथिः 14.08.2020, Auction Centre: First Floor, Above P L Motors, Bhagvati Bhavan, Opp. Shaheed Smarak, Govt. Hostel Crossing, M I Road, Jaipur– 302001

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।
हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी दुसरी नीलामी की तारीख को क्रमशः दिये गए नीलामी केंद्र में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी आगामी और ऐसी स्थिति मेंजहा इस सब के बावजूद कथित गहनो की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएं नहीं दी जाएंगी।

**कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट, ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली – 110024**

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गहनों की गिरवी छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464,7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

**IndiaShelter**
पंजी. कार्यालयः प्लॉट-15, छठा तल, सेक्टर-44, इंस्टीच्यूशनल एरिया, गुरुग्राम, हरियाणा-122002
शाखा कार्यालयः शॉप नं. 6, ऊपरी भूल, सी.आर. माल, चर्च रोड, राम नगर कॉलोनी, आगरा 282002
शाखा कार्यालयः शॉप नं. 1 एवं 1 ए, पी.एस. प्लाजा, शिशु मंदिर स्कूल के सामने, रुद्रपुर-263153

**अचल सम्पत्ति के लिये कब्जा सूचना**

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वर्तमान में इंडिया शेल्टर फाइनांस एंड कार्पोरेशन लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के साथ पठित धारा 13 (2) तथा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना यहां नीचे खाता के समक्ष वर्णित तिथि को जारी कर ऋणधारक तथा साथ हीं सम्पत्ति के स्वामी/स्युरिटी को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।
जैसा कि ऋणधारक तथा सम्पत्ति के स्वामी इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक नीचे वर्णित तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।
अब, विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय नीचे वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज, लागतों आदि के लिये इंडिया शेल्टर फाइनांस कॉर्पोरेशन लि. के चार्ज के अधीन होगा।

| क्रम सं. | ऋणधारक/ गारन्टर (सम्पत्ति के स्वामी) का नाम एवं ऋण खाता संख्या | चार्ज्ड/ गिरवी सम्पत्ति का विवरण (अधोलिखित में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा) | मांग सूचना तिथि तथा मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | कब्जा की तिथि एवं पद्धति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रीति, दिनेश कुमार एवं राम गोपाल सभीः श्याम विहार कॉलोनी, 100 फीट रोड, टेडी बगिया के निकट, चौगन यमुना ब्रिज, आगरा-282006, उ.प्र., ऋण खाता सं. HL 2000004878 | श्रीमती प्रीति, पत्नी श्री दिनेश सिंह के स्वामित्व में श्याम नगर, मौजा नारायच, तहसील एतमादपुर, जिला आगरा में स्थित भूमि प्लॉट/खसरा नं. 1012, एरिया 62.7 वर्ग मी. का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः पूर्वः राम सिंह का प्लॉट, पश्चिमः विक्रेता का प्लॉट, उत्तरः 15 फीट चौड़ा रास्ता एवं दक्षिणः दिनेश का प्लॉट | मांग सूचनाः 10.2.2020 रु. 638092.7/- 29.2.2020 को बकाया तथा 1.3.2020 से ब्याज तथा भुगतान की तिथि तक अन्य चार्जेज एवं लागत | 21.7.2020 (सांकेतिक कब्जा) |
| 2 | सोनम श्रीवास, राजीव श्रीवास एवं सौरभ श्रीवास, सभीः प्लॉट नं. ए-222, पश्चिमपुरी, शास्त्रीपुरम, सिकन्दरा, जिला आगरा, उ.प्र.-282007 ऋण खाता संख्या LAP 200007176 | प्लॉट नं. ए-222, ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-ए, शास्त्रीपुरम योजना, तहसील एवं जिला आगरा की सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः ईडब्ल्यूएस मकान सं. ए-230, दक्षिणः 20 फीट चौड़ा रास्ता एवं खुला सामूहिक स्थान, पूर्वः ईडब्लयूएस मकान, पश्चिमः ईडब्ल्यूएस मकान सं. ए-223 | मांग सूचनाः 5.12.2018 रु. 4,24,532/- 31.12.2018 को बकाया तथा 1.1.2019 से ब्याज तथा भुगतान की तिथि तक अन्य चार्जेज एवं लागत | 22.7.2020 (भौतिक कब्जा) |
| 3. | कविता सिंह एवं विजय प्रताप सिंह, दोनोंः मकान सं. 37/531/1, नई नगला पाड़ी, भगेल मंदिर के पास, दयाल बाग, आगरा-282005, उ.प्र. ऋण खाता सं.: VH0200000266 | मौजा सिकन्द्रा बहिस्ताबाद, तहसील एवं जिला आगरा में स्थित प्लॉट, खसरा नं. 158/1, एरिया 83.61 वर्ग मी., सम्पत्ति की चौहद्दीः पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः 30 फीट रास्ता, उत्तरः अन्य भूमि एवं दक्षिणः अन्य भूमि। | मांग सूचनाः 13.01.2020 रु. 11,61,147/- 31.01.2020 को बकाया तथा 1.2.2020 से ब्याज तथा भुगतान की तिथि तक अन्य चार्जेज एवं लागत | 22.07.2020 (भौतिक कब्जा) |
| 4. | कविता एवं राजवीर दोनोंः प्लॉट नं. 53, ख.नं. 19, नई आबादी, जय शिव विहार कॉलोनी, मौजा नानपुर, आगरा-282007, उत्तर प्रदेश ऋण खाता सं. CHL100003038 | शिव विहार कॉलोनी, मौजा नानपुर, तहसील एवं जिला आगरा में स्थित प्लॉट नं. 53, खसरा नं. 19, एरिया 52.24 वर्ग मी., सम्पत्ति की चौहद्दीः पूर्वः प्लॉट नं. 52, पश्चिमः प्लॉट नं. 81, उत्तरः 18 फीट चौड़ा रास्ता एवं निकाश एवं दक्षिणः प्लॉट नं. 29 | मांग सूचना 10.12.2019 रु. 437795/- 31.12.2019 को बकाया तथा 01.01.2020 से ब्याज तथा भुगतान की तिथि तक अन्य चार्जेज एवं लागत | 25.7.2020 (भौतिक कब्जा) |
| 5. | श्रीती विस्वास, समीर विस्वास, विक्की विस्वास एवं संजीव विस्वास सभीः प्रेम नगर पिपलिया 0-1, काली मंदिर के निकट, गदरपुर रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर, यूके-263153, श्रीती विस्वास, साथ हीः खसरा नं. 297 के मिन, फौजी कॉलोनी ग्राम पिपलिया, तह. गदरपुर, निकट देशबंधु एससीएच बीएच मैन मार्केट, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर, यूके-263153 ऋण खाता सं. PM0300000124 | ग्राम पिपलिया, तहसील गदरपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड में स्थित सम्पत्ति खसरा नं. 297 का मिन एरिया 19×35/61.80 वर्ग मी. का सभी भाग तथा हिस्सा। सम्पत्ति की चौहद्दीः पूर्वः श्री नूह मोहम्मद का प्लॉट, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः श्री जीतेन्द्र का प्लॉट एवं दक्षिणः श्री रिशी का प्लॉट। | मांग सूचनाः 13.01.2020 रु. 650176/- 31.1.2020 को बकाया तथा 01.2.2020 से ब्याज तथा भुगतान की तिथि तक अन्य चार्जेज एवं लागत | 21.7.2020 (सांकेतिक कब्जा) |

स्थानः आगरा/रुद्रपुर
तिथिः 27.7.2020
इंडिया शेल्टर फाइनांस कॉर्पोरेशन लि. के लिये
(प्राधिकृत अधिकारी)
किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिये कृपया सम्पर्क करें: श्री मनोज गुप्ता (+91 8319542850) एवं श्री अजय गुप्ता (+91 7906826375 एवं 0124-4131812)

**एबीएम इन्टरनेशनल लिमिटेड**
**CIN NO. L51909DL1983PLC015585**
पंजी. कार्यालयः 10/60, इंड. एरिया, कीर्ति नगर, नई दिल्ली-110015
फोनः 011-41426055, ई-मेलः vkgandhi@abmintl.in, वेबसाईटः www.abmintl.in
**31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्रम सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.3.2020 (अंकेक्षित) | 31.12.2019 (अनंकेक्षित) | 31.3.2019 (अंकेक्षित) | 31.3.2020 (अंकेक्षित) | 31.3.2019 (अंकेक्षित) | 31.3.2020 (अंकेक्षित) | 31.3.2019 (अंकेक्षित) |
| | | स्टैंडएलॉन | | | स्टैंडएलॉन | | समेकित | |
| 1. | परिचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 2029.06 | 4118.37 | 1798.96 | 9857.27 | 7779.02 | 9857.27 | 7779.02 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/ अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (159.57) | (89.54) | (149.48) | (262.07) | (238.28) | (262.07) | (238.28) |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (159.57) | (89.54) | (149.48) | (262.07) | (238.28) | (264.40) | (240.17) |
| 4. | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं अथवा असाधारण मदों के बाद) | (375.61) | (89.54) | (149.36) | (478.11) | (176.71) | (480.44) | (178.60) |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल) | (381.86) | (89.54) | (155.15) | (478.86) | (187.37) | (489.19) | (189.26) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1176.00 | 1176.00 | 1176.00 | 1176.00 | 1176.00 | 1176.00 | 1176.00 |
| 7. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | | | |
| | क) मूलः | (3.25) | (0.76) | (1.32) | (4.14) | (1.59) | (4.16) | (1.61) |
| | ख) तरलः | (3.25) | (0.76) | (1.32) | (4.14) | (1.59) | (4.16) | (1.61) |

**टिप्पणीः**
1) उपरोक्त परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 25.7.2020 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए तथा कम्पनी के सांविधिक लेखा-परीक्षक ने उस पर ऑडिट रिपोर्ट जारी किए हैं।
2) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में दाखिल की गई तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट अर्थात् नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड https://www1.nseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाईट https://www.abmintl.in पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिये तथा उनकी ओर से
एवीएम इन्टरनेशनल लिमिटेड
हस्ता./-
(वीरेन्दर कुमार गांधी)
अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक
DIN: 00244762

तिथिः 25.07.2020
स्थानः नई दिल्ली


www.readwhere.com